## स्नैचर्स का दुस्साहस, घर के बाहर महिला से झपट ली सोने की चेन

नवीन मेल संवाददाता। रांची राजधानी में स्नैचर्स एक बार फिर से एक्टिव हो गए हैं। ताजा मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हेसाग का है, यहां एक बुजुर्ग महिला से उचक्कों ने सोसायटी के गेट पर ही सोने की चेन की छिनतई कर पुलिस को चुनौती दे डाली है। इससे पहले कार्रवाई करते हुए एक महीने के भीतर रांची पुलिस ने एक दर्जन के करीब स्नैचर्स को गिरफ्तार कर बहुत हद तक स्नैचिंग पर रोक लगाई थी। लेकिन एक बार स्नैचर्स एक्टिव हो गए हैं।क्या है पूरा मामलाः रांची में एक बुजुर्ग महिला स्नैचर्स की शिकार हो गईं। वो भी तब जब महिला अपने पति के साथ अपने सोसायटी के गेट के अंदर प्रवेश करने वाली थी। महिला अपने गेट से मात्र पांच सेकेंड की दूरी पर थी तभी हेलमेट पहने हुए स्नैचर्स उनके पीछे दौड़ कर आता है और सोने की चेन झपट कर फरार हो जाता है। यह वारदात जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हेसाग स्थित ग्रीन गार्डन सोसायटी के बाहर की है। पूर्व मेकॉनकर्मी अपनी पत्नी के साथ अपनी सोसायटी की तरफ लौट रहे थे इसी दौरान हेलमेट पहने स्नैचर्स ने उनकी पत्नी के सोने की चेन छीन ली। स्नैचर्स की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी कैमरे में साफ नजर आ रहा है कि दोनों बाइक सवार अपराधी पूर्व मेकॉनकर्मी और उनकी पत्नी का लगातार पीछा कर रहे थे, जिसकी भनक दोनों पति-पत्नी को नहीं लग पाई। दोनों बड़े आराम के साथ बिना किसी भय के अपने सोसायटी के अंदर जाने वाले थे कि बाइक सवार दो अपराधियों में से एक अपराधी तेजी के साथ महिला की तरफ पीछे से आता है और गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो जाता है। बुजुर्ग मेकॉन कर्मी हिम्मत दिखाते हुए अपराधियों को खदेड़ते भी हैं लेकिन वे उन्हें पकड़ने में कामयाब नहीं हो पाते हैं। दरअसल एक अपराधी अपने बाइक को स्टार्ट कर के पहले से ही खड़ा था चेन छीनने के बाद दूसरा अपराधी स्टार्ट बाइक पर बैठ जाता है जिसके बाद दोनों फरार हो जाते हैं।लिखित शिकायत का इंतजारः मामले में पूर्व में मेकॉनकर्मी के द्वारा अभी तक थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं करवाई गई है। हालांकि थाने में छिनतई की सूचना जरूर दी गई है। जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग दंपती से छिनतई की वारदात हुई है। सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात भी कैद हुई है।



## नई शिक्षा नीति लागू करने वाला झारखंड का पहला यूनिवर्सिटी बना केंद्रीय विवि

**रांची।** नई शिक्षा नीति को पूरी तरह से लागू करने वाला केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड राज्य का पहला यूनिवर्सिटी बन गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने प्रेस क्लब में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति 29 जुलाई, 2020 को देशभर में लागू की थी। इसका उद्देश्य 21वीं सदी की ज्ञान अर्थव्यवस्था के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए देशभर में स्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी तक की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था में समग्र परिवर्तन लाना है। नई नीति में भारतीय मूल्यों के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता, विचार एवं कौशल विकास पर विशेष बल दिया जाना है।

## ओबीसी आरक्षण को लेकर 28 जुलाई को करेगा विरोध प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के 7 जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य किए जाने, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, सदस्य नियुक्त करने, जातीय जनगणना कराने के मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी 28 जुलाई को विधानसभा सत्र के दौरान नया विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगा।

उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्यालय में कहीं। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी सेवा की वैकेंसी निकाली जा रही है उसमें ओबीसी के वाजिब हक भी नहीं मिल रहा है। इसे न सता ना विपक्ष कोई नहीं देख रहा है। राज्य सरकार धड़ाधड़ रिक्तियां निकाल रही है। और ओबीसी समुदाय के छात्रों को दरकिनार की जा रही है। प्रदेश महासचिव प्रभात शर्मा ने कहा कि सरकार हमारी बातें नहीं सुनती है तो हम लोग आंदोलन को गांव गांव तक पहुंचाएंगे। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जायसवाल, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, महासचिव प्रभात शर्मा अजय मेहता ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू उपस्थित थे।



## हवाई अड्डे के विकास से संबंधित केंद्र को नहीं मिला कोई प्रस्ताव

**रांची।** सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से देश में बने नए विमानपत्तन, इसके लिए आवंटित निधि का ब्यौरा सहित झारखंड में निमार्णाधीन विमानपत्तनों की वर्तमान स्थिति के बारे में भी सूचना मांगी थी। इस पर केंद्र सरकार की ओर से जानकारी दी गयी है कि पिछले तीन वर्षों में देश में पांच हजार 650 करोड़ की लागत से 6 हवाईअड्डे परिचालित किए गए हैं।

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अनुसार भारत सरकार ने देश में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति 2008 तैयार की है। केंद्र ने देशभर में 21 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन दिया है। इन 21 हवाईअड्डों में से 11 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे परिचालित किए गए हैं। केंद्र ने झारखंड में निमार्णाधीन विमानपत्तनों की वर्तमान स्थिति के बारे में बताया कि जीएफए नीति देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए प्रक्रिया और शर्तें निर्धारित करता है।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया सवा करोड़ की लागत से बना चेकडैम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लापुंग। लापुंग प्रखंड के बोकरोदा गांव के भंगी नदी में दो महीने पूर्व बने नवनिर्मित चेकडैम लीकेज होने का मामला प्रकाश में आया है। 1 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से बनने वाला चेकडैम जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। इस चेकडैम के निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है कि चैकडैम में कई स्थानों पर छेद हो गए है। जिससे पानी रिसता रहता है। यह हालत तब है जब वर्षा कम होने की वजह से नदी में भरे पानी के बहाव की गति काफी धीमी है। अगर वर्षा अधिक होती तो यह चेकडैम पानी के साथ बह जाता। क्योंकि चेकडैम के निर्माण में गुणवत्ता की बड़े पैमाने पर अनदेखी की गई है। इसके कारण किसानों को खेती के समय समूचित पानी नहीं मिल पा रहा है। जल संरक्षण एवं कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। पानी की लगातार बढ़ती किल्लत ने लोगों की परेशानी बढ़ाना शुरू कर दिया है। अब सरकार जल संचय को लेकर गंभीर नजर आ रही है। साथ ही, लोगों को जल के संचयन को लेकर जागरूक करने का भी प्रयास किया जा रहा है, लेकिन सरकारी योजनाओं के तहत जल संचयन व कृषि कार्य के लिए बनाए गए चेकडैम के निर्माण में ठेकेदार ने जमकर लापरवाही बरती है। जिसके कारण चेकडैम में रिसाव हो रहा है पानी रुक नहीं पा रहा है। वही किसानों में चेकडैम निर्माण को लेकर उत्साह था वो गायब हो गया। इस डैम के अगल-बगल में किसान खेती करते हैं। गरीब किसानों के खेत आज भी सिचाई के अभाव में परती रह जाते हैं। साथ ही डैम का निर्माण कार्य अगर सही से हुआ रहता तो जल संचयन भी होता, जिससे आसपास के कुआं, चापाकल आदि का जल स्तर भी बरकरार रहता। लेकिन चेकडैम से जो भी उम्मीदें किसानों को थी वो धरी की धरी रह गई। जिप सदस्य ने किया चेकडैम का निरीक्षण : इस समस्या को स्थानीय किसानों ने जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो को अवगत कराया। इसके बाद जिप सदस्य बोकरोंदा गांव पहुंची और डैम का निरीक्षण किया। जिसमें जिप सदस्य को भारी अनियमितता देखने को मिली। जिसमें संवेदक द्वारा नियम को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया गया है।



## रिम्स के डेंटल कॉलेज का फिर से बदला गया नाम, बीडीएस के छात्रों की परेशानी हुई दूर

**रांची।** रिम्स के डेंटल कॉलेज का नाम बदलकर एक बार फिर से डेंटल इंस्टीट्यूट कर दिया गया है। डेंटल इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल डॉ जय प्रकाश कुमार ने बताया कि पूर्व में डेंटल इंस्टीट्यूट का नाम बदलकर डेंटल कॉलेज रिम्स प्रबंधन के द्वारा किया गया था, लेकिन अब फिर से डेंटल कॉलेज का नाम बदलकर डेंटल इंस्टीट्यूट कर दिया गया है। रिम्स डेंटल इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल डॉ जय प्रकाश कुमार ने कहा कि डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से स्पष्ट किया गया है कि नाम बदलने का प्रावधान कहीं नहीं है। इसलिए इस प्रस्ताव को स्वीकृत नहीं किया जा सकता है। बता दें कि वर्ष 2022 में हुई 54वीं शासी परिषद की बैठक में यह कहकर डेंटल इंस्टीट्यूट का नाम बदल दिया था कि रिम्स खुद एक इंस्टीट्यूट है और उसके अंदर दूसरा इंस्टीट्यूट नहीं चल सकता, लेकिन रिम्स प्रबंधन के इस प्रस्ताव को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया ने स्वीकार नहीं किया।

## मांडर में चला एन्टी क्राईम चेकिंग अभियान



**मांडर।** रांची पुलिस के वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव एवं एसआई जितेंद्र प्रसाद वर्मा ने शस्त्रबलों के साथ एन एच 75 सहित अन्य मुख्य चौक चौराहों पर जिसमें हेसमी मोड़,टाँगरबसली रोड, बुढ़मू रोड, मुड़मा चौक, ब्राम्बे चौक,मलटोटी चौक आदि पर एंटी क्राईम वाहन चेकिंग किया। इस अभियान में एक बुलेट बाईक जेएच01 सीयू/ 0423और एक अपाची बाईक जेएच01 एफ/1 सी 5299 को जप्त किया गया। अन्य बाईक सवार जो बिना हेलमेट,लाइसेंस या अन्य यातायात नियमों के विरुद्ध पाये गये उन्हें उठक बैठक कराकर आगे से यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी देकर अपने जीवन की सुरक्षा खुद करने की सलाह देकर छोड़ दिया गया।थाना प्रभारी ने कहा कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस,हेलमेट के अपने बच्चें बच्चियों को स्कूटी या बाईक अभिभावक ना दें और ना ही खुद अकेले या परिवार के साथ यात्रा करें।जीवन अनमोल है और उसकी सुरक्षा आपके हाथ है कृप्या सभी यातायात नियमों का पालन अवश्य करें।

## संत अन्ना धर्म संघ की 126वीं जयंती समारोह आयोजित



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया स्थित संत अन्ना बालिका स्कूल में बुधवार को संत अन्ना धर्म संघ की 126 वीं जयंती समारोह सह स्कूल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद थीं। समारोह में स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विधायक के लिए प्रस्तुत किया गया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संत अन्ना धर्म समाज का शिक्षा के क्षेत्र में किया गया काम बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सफलता कठिन परिश्रम का परिणाम है। बच्चे समय का सही उपयोग पढ़ाई में दें। कठिन परिश्रम करें एक दिन सफलता जरूर मिलेगी।उन्होने कहा कि सिस्टर व टीचर स्कूल के बच्चों को सही शिक्षा देने के लिए बहुत मेहनत कर रही हैं। इसका परिणाम है कि 2023 के मैट्रिक के परीक्षा में कुल 121 बच्चे अच्छे अंकों से पास हुए। समारोह में स्कूल के प्रभारी ने विधायक को शाल ओढ़ाकर व पौधा देकर सम्मानित किया।मौके पर जिला परिषद बेरोनिका उरांव,पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि मनकु कुजूर, देवनीश तिग्गा, सिल्वेस्टार तिर्की, शम्भू बैठा, मो फहीम व सोमरा लोहरा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

मौलाना तहजीबुल हसन ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा-

## इमामे हुसैन का मकसद जुल्म का खात्मा करना

मौलाना तहजीबुल

रांची। मोहर्रम के सातवीं पर मस्जिद जफरिया में जिक्र शहीदाने कर्बला की मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि आज जमाना हमसे पूछ रहा है कि इमामे हुसैन का मकसद क्या था। इमामे हुसैन का मकसद जुल्म का खात्मा करना था, इमामे हुसैन का मकसद मजलूम की मदद करना, इमामे हुसैन का मकसद बेसहारों को सहारा देना। इमाम हुसैन का मकसद यतीम, बेवा, मिसकीन को खुले दिल से बगैर जात, पात, बिरादरी, मजहब के उसके काम आना। यही तो मकसद हुसैनी है। इमामे हुसैन के इस मकसद से दुनिया के किसी भी धर्म को इंकार नहीं है। धर्म कोई भी हो वह बुराई से रोकता है। अच्छाई का संदेश देता है। इमामे हुसैन की किसी एक मजहब या धर्म की रहनुमा(लीडर) का नाम नहीं, बल्कि इंसानियत के रहनुमा का नाम इमाम हुसैन है। रहनुमा के भरे घर को यजीदियत और यजीद मिजाज लोगों ने 3 दिन का भूखा प्यासा कर्बला में शहीद कर दिया। शाहिद होने वालो में 6 महीने का बच्चा अली असगर भी था। जो हुरमुला का तीर खाकर मुस्कुराता हुआ दुनिया से रुखसत हो गया और जमाने को संदेश दिया कि सच्चाई के लिए जान देना शहादत है। आज मस्जिद जाफरिया में उसी हजरत अली असगर की याद में झूला निकाला गया। हाय असगर, प्यासा असगर की सदा से मस्जिद परिसर गूंज उठा। पेशखानी अमीर गोपालपुरी, अमुद अब्बास, हसनैन रांची, अशरफ हुसैन, यावर हुसैन ने किया। यह मजलिस अंजुमन जाफरिया के द्वारा क्या जा रहा है।



## एटीएस को छापामारी के दौरान संसाधन मुहैया कराने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छापेमारी के दौरान आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) को वाहन, ईंधन सहित किसी अन्य प्रकार के संसाधनों की कमी ना हो इसके लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी प्रोविजन प्रभात कुमार ने सभी जिले के एसएसपी और एसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि एटीएस की टीम राज्य में कहीं भी छापेमारी में जाती है, तो उनके वाहनों में आवश्यकता पड़ने पर संबंधित जिले के एसएसपी और एसपी ईंधन की आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही छापेमारी के दौरान एटीएस को जरूरत के अनुसार सभी संसाधन मुहैया कराए जाएं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

## बेड़ो में महिला समूहों के बीच बकरी का वितरण



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में बुधवार को अनु जलछाजन समिति चरिमा द्वारा महिला समूह के 10 लाभुकों को बकरी वितरण किया। मौके पर पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बकरी पालन योजना से जोड़ा है।आजीविका चलाने के लिए सरकार सरकार कई लाभकारी योजना चला रही है। गांव के लोग खेती बारी के अलावा कम पूंजी में बकरी पालन कर दोहरा मुनाफा कमा सकते है। वही गांव में पलायन रूकेगा व आय का श्रोत बढ़ेगें। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुबल टोप्पो सचिव बसंती गाड़ी वार्ड सदस्य बबलू लोहरा वार्ड सदस्य सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## पुरियो में मासिक ग्रामसभा सह पेंशन जांच शिविर का आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पंचायत भवन पुरियो में बुधवार को मासिक ग्रामसभा सह पेंशन जांच शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान जयराम कच्छप की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में 340 पेंशन लाभुकों का पेंशन जांच किया गया। जिसमें सभी सही पाए गए। मौके पर मुखिया नीरज कुजूर ने पेंशन धारियों तथा ग्रामीणों से आग्रह किया कि जो भी पेंशन धारक अब मृत हो चुके हैं, उनका नाम पेंशन सूची से हटाना है। जिससे नए योग्य पेंशन लाभुक इस योजना का लाभ ले सकें। वहीं मौके पर सभी वार्ड सदस्य, टी आर आई सदस्य लक्ष्मी कुमारी, सुनील भगत,अर्जुन महतो व गोपाल महतो, समेत कई ग्रामीण मौजूद थे। धन्यवाद उपमुखिया विजय उरांव ने किया।

पहल

केंद्रीय संचार ब्यूरो ने जनसंख्या दिवस पखवाड़ा पर कार्यक्रम आयोजित

## जागरूकता से ही लगेगा जनसंख्या पर रोक : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। तोपचांची/ धनबाद

केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनसंख्या दिवस पखवाड़ा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं केंद्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में बुधवार को टी ए पी उच्च विद्यालय तोपचांची में छात्र, छात्राओं के बीच निबंध, रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जनसंख्या वृद्धि के निवारण विषय पर छात्रों द्वारा मनमोहक रंगोलियां एवं चित्रांकन किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय ने संबंधित विषय पर प्रकाश डाला और भविष्य में इससे होने वाली दिक्कतों को गिनाते हुए छात्रों को जनसंख्या नियंत्रण में आगामी समय में अपना रोल निभाने को कहा। छात्रों ने भी इस विषय पर अपनी राय रखी। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने देश में हो रही जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। प्री-पब्लिसिटी कार्यक्रम के तहत आयोजित आज के कार्यक्रम में सीबीसी धनबाद के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान के साथ विद्यालय के शिक्षकों विशेषकर भागीरथ महतो, राहुल कुमार, सोनम कुमारी, खुशबू कुमारी, एवं स्थानीय शिक्षा सीआरपी गौतम कुमार का विशेष योगदान रहा। निबंध प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की नीलम कुमारी और नमिता कुमारी ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मुहम्मद शाकीर ने तीसरा स्थान पाया। चित्रांकन में अभिनव कुमार प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय एवं अंशिका कुमारी त्रितीय रहे। वहीं रंगोली में पायल प्रतिज्ञा ग्रुप प्रथम, नंदिनी कुमारी समूह द्वितीय तथा तन्मय कुमार ईवा दल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को कल आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विधायक मथुरा महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही तोपचांची प्रखंड प्रमुख आनंद महतो भी रहेंगे। इसके अलावा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तोपचाची के देखरेख में एक मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा और आईसीडीएस तोपचांची के तत्वावधान में स्टॉल लगा कर विश्व जनसंख्या दिवस के बारे में लोगों को जानकारी दिया जाएगा।



## खूंटी में अपराधियों ने पुल निर्माण स्थल पर मचाया उत्पात

**खूंटी।** मुरहू थाना क्षेत्र के सुरूंदा और मारंगटोली के बीच पुल निर्माण करा रही कंपनी द्वारा रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने मंगलवार की देर रात पुल निर्माण कार्य में लगी जेसीबी और बाइक को क्षतिग्रसत कर दिया। अपराधियों ने जेसीबी के चालक और कार्यरत मजदूरों की हॉकी स्टीक से पिटाई भी की। बताया जाता है कि उसी दौरान एक अपराधी थैले से कट्टा निकालकर उसमें गोली भरने लगा। यह देख चालक और मजदूर किसी तरह जान बचाकर भाग गए। बाद में मजदूरों ने इसकी जानकारी ठेकेदार को दी और ठेकेदार ने घटना की सूचना एसपी अमन कुमार को दी।


## कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

### अति-अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/07/2023-24 (2nd call) Date–24.07.2023

कार्य का विवरण–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (INR) | अग्रधन की राशि (INR) | निविदा शुल्क (INR) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION AND RENOVATION OF P.C.C. ROAD FROM VIJAY SWARNKAR HOUSE TO ARJUN YADAV HOUSE VIA D.N. 1SINGH HOUSE AND FROM R.E.O MAIN ROAD TO RAJKUMAR MODI HOUSE AT MAHATMA GANDHI NAGAR GAL I NO. 5 IN WARD NO. 23 UNDER JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD. | 1775100.00 | 35500.00 | 5000.00 | 120 दिन |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 31.07.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 07.08.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 08.08.2023 अपराहन 4.00 बजेएस्थान कार्यालय नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 10.08.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7004716767, 9798062988
7. नगर विकास एवं आवास विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
8. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

**नोट** :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।

विशेष जानकारी वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 303305 Urban Development and Housing (23-24)_D

### कारगिल विजय दिवस पर श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में प्रतियोगताओं का आयोजन

# स्कूली बच्चों ने दी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** देव चंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में इस कारगिल विजय दिवस पर विद्यालय निदेशक, विद्यार्थियों व शिक्षकों के द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धापूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगताओं का किया गया आयोजन। विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि यह दिन है उन शहीदों को याद कर अपने श्रद्धा- सुमन अर्पण करने का जो हंसते-हंसते मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। यह दिन समर्पित है उन्हें जिन्होंने अपना आज हमारे कल के लिए बलिदान कर दिया। इस मौके पर बच्चों ने देशभक्ति ,अनेकता में एकता आधारित विषयों के सवालों जवाबों से अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर खूब रंग बांधा बच्चों ने देश की शान तिरंगा झंडा के प्रति अपना स्नेह और श्रद्धा प्रकट करते हुए अपनी चित्रकारी, भाषण व नाटक के द्वारा अपनी कला का




प्रदर्शन भी किया । साथ ही विद्यार्थियों ने यह शपथ भी लिया कि जिस प्रकार कारगिल युद्ध के अमर शहीदों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपने देश की रक्षा के लिए दुश्मनों का डटकर मुकाबला कर देश को विजय दिलाई। उस विजय का हम हमेशा सम्मान करेंगे और समय आने पर देश पर प्राण निछावर करने में पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छा नागरिक वह होता है जो अपने देश की एकता व अखंडता के प्रति वफादार और देश के लिए हर प्रकार की कुबार्नी करने की भावना दिल में रखते हैं। आज के दिन के महत्व पर रोशनी डालकर वीर सैनिकों की शहादत पर रोशनी डाली उन्होंने सभी विद्यार्थियों को विजय दिवस की बधाई भी दी । उन्होंने बताया कि अपने स्कूल में हमेशा ऐसी गतिविधियों को वे तरजीह देते हैं। जिन विद्यार्थियों ने इस दिवस पर अपनी कला का प्रदर्शन किया उनमें- छवि , प्रिंसी, प्रीति, ज्योति, प्राची खुशी दिव्या, श्रेया, अंशु, सृष्टि, रिया रानी, वंदना, उपासना, ज्योति, छोटी प्रिया, सतीश, दानिश, सुशांत के साथ-साथ शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कारगिल की विजय गाथा सदैव भारतवासियों के उच्च मनोबल का परिचायक है : प्राचार्य एके सिंह

**बरही।** आज दिनांक 26.7. 2023 दिन बुधवार डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस पूरे धूमधाम से मनाई गई ।इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सौरभ कालिया , परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा और अन्य शहीदों को याद करते हुए साथ ही परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव को भी पूरे मनोभाव से याद किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा एलकेजी से द्वितीय वर्ग में बच्चों ने सैनिकों के रूप में अपनी प्रस्तुति देकर अपने मातृभूमि के प्रति अपने दृढ़ इच्छाशक्ति और लगन को दशार्या । स्तुति शर्मा के द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति अति मनभावन रही । सृष्टि श्रेया के द्वारा कारगिल के धरती के रूप में की गई प्रस्तुति सबों के मन की संवेदना को जगाने में सफल रही। कक्षा सप्तम की आराध्या सिन्हा ने अपने भाषण में कारगिल की विजय गाथा को पूरे विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सैनिक हमारे देश की मान हैं। हमें इन पर सदैव गर्व करना चाहिए ।इनके अथक प्रयास से ही पूरा भारतवासी चैन की नींद ले पाता है । सीमाओं की रक्षा में खड़े सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि डीएवी अपने बच्चों के अंदर इस प्रकार के संस्कार भरता है कि शिक्षा प्राप्ति के बाद वे पूरे तन मन से अपने देश के प्रति समर्पित होकर अपने मातृभूमि के प्रति सदैव बलिदान के लिए कृत संकल्प रहते हैं ।उन्होंने कहा कि देश का हर बच्चा अपने कर्तव्यों का पूरी तरह से पालन कर अपने मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन शत प्रतिशत कर सकता है ।इसलिए आइए हम शपथ लें कि हम जहां रहेंगे जो भी काम करेंगे पूरी इमानदारी और तन्मयता के साथ अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर अपने जीवन का होम दान करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे । कार्यक्रम में साज सज्जा की जिम्मेदारी लल्लन यादव फोटोग्राफी की जिम्मेदारी दीपक शरण के द्वारा निभाई गई ।इस अवसर पर मंच का संचालन राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के मुन्नी कुमारी ,अनुराधा कुमारी, उषा कुमारी, संध्या सिंह, नीरू कुमारी, ममता कुमारी के साथ-साथ सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

## रामगढ़: सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची-पटना फोरलेन पर मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। रामगढ़ थाना पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि घायल युवक का इलाज चल रहा है। बताया जाता है की मंगलवार की रात 9:00 बजे के आसपास रांची -पटना फोरलेन पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के पटेल चौक के आगे बाइक पर जा रहे दो युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना में शहर के पतरातू बस्ती निवासी 20 वर्षीय युवक रोहित शर्मा की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में युवक विकास कुमार साव गंभीर रूप से घायल हो गया । दुर्घटना के बाद इस बात की सूचना रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। रामगढ़ पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## हजारीबाग : सदर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर अस्पताल में बुधवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई. महिला की पहचान विष्णुगढ़ खेरना निवासी सुनीता कुमारी के रूप में की गई. दरअसल महिला को प्रसव कराने को लेकर विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार की सुबह 7:00 बजे भर्ती कराया गया था. जहां प्रसव के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी. जिसके बाद महिला को हजारीबाग के सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया. जहां दो घंटे इलाज के बाद महिला की मौत हो गई. मृतका के पिता कुशलाल महतो ने सदर अस्पताल पर आरोप लगाया कि यहां डॉक्टरों की लापरवाही से उनकी बेटी की मौत हो गई. उन्होंने कहा कि अगर उनकी बेटी का इलाज तुरंत शुरू कर दिया जाता, तो उनकी बेटी बच जाती. लेकिन प्रक्रिया में उलझाकर अस्पताल में एक घंटे के बाद इलाज शुरू किया गया.

### मौसम की बेरुखी से किसान त्राहिमाम

## क्षेत्र में राहत कार्य चलाने की जरूरत : पूर्व विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बरकट्ठा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में बारिश की बेरुखी से पानी के बिना किसान त्राहिमाम हैं। श्रावण माह लगभग बीतने के कगार पर है और नदी,नाले,तालाब आदि सूखे पड़े हैं। वहीं क्षेत्र के किसान बैंकों समेत अन्य स्थानों से ऋण लेकर खेतों में महंगे बीज बोये लेकिन बारिश नहीं होने के कारण धान समेत भदई फसल उनके खेतों में ही सूख रहे हैं। कहा कि बरकट्ठा विधानसभा अंतर्गत कोई कल करखाने नहीं है और समस्त क्षेत्र की जनता कृषि पर निर्भर है ।लेकिन बारिश नहीं होने के कारण किसानों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। क्षेत्र में तत्काल राहत कार्य चलाने,कृषि पर आधारित अन्य सुविधा उपलब्ध



कराने और कर्ज लेकर किसानों द्वारा खेत में बोये महंगे खाद बीज का मुल्यांकन कर क्षतिपूर्ति मुआवजा जल्द दिया जाना चाहिए ' विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में छिटपुट बारिश को छोड़कर वर्षा ना के बराबर हुई है। आसमान में बादल उमड़ते घुमड़ते जरूर हैं लेकिन हल्की बारिश के बाद आसमान साफ हो जाता है। ऐसे में सरकार द्वारा किसानों के हित में उचित निर्णय लेने की आवश्यकता है।

### मारवाड़ी युवा मंच की इकाई का गठन

## विनीत अग्रवाल अध्यक्ष, दीपक उपाध्यक्ष-पीयूष बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**


**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में बुधवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की इकाई का गठन किया गया. अग्रसेन भवन के सभागार में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष सीए विनीत अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक कुमार खंडेलवाल उर्फ मोनू और सचिव पीयूष खंडेलवाल को चुना गया. वहीं कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, मीडिया प्रभारी सचिन खंडेलवाल व रितेश खंडेलवाल, संगठन विस्तार प्रभारी सौरभ गोयल और ब्लड कैंप प्रभारी विनीत मुनका को बनाया गया. उसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के नेतृत्व में इकाई गठन की सूची राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टड़ के समक्ष पेश की गई. फिर राष्ट्रीय और प्रांतीय अध्यक्ष सहित उपस्थित गणमान्य अतिथियों के हाथों अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच हजारीबाग इकाई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इसके साथ ही मारवाड़ी युवा मंच हजारीबाग शाखा को वर्ष 2023-24 से मंच की संबद्ध शाखा के रूप में मान्यता प्रदान की गई. राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सभी समाज के प्रति समर्पित भाव से सेवा में तत्पर रहें. प्रांतीय अध्यक्ष ने भी सभी को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी अपने कर्तव्य पर सदैव खरा उतरेंगे. मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच सामाजिक सेवा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगा.

## डीएसओ को किसानों की समस्याओं से कराया अवगत

### झारखंड सरकार किसानों को ठगने का कार्य कर रही है : कुमकुम देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** किसानों की समस्यायों को लेकर भाजपा प्रदेश महिला प्रवक्ता सह जिप सदस्य कुमकुम देवी जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार से मिलकर अवगत कराया ।कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा घोषणा किया गया था कि किसानों को धान का दाम चौबीस घंटे में उपलब्ध कराई जाएगी। लेकिन दिसम्बर 2022 में किसानों द्वारा पैक्स में धान दिया गया था जो आज तक कई किसानों को धान का दाम नहीं मिल पाया है ।इस संबंध में प्रभावित किसान द्वारिका प्रसाद, नकुल प्रसाद, नारायण प्रसाद, अशोक प्रसाद, छोटी महतो राजेश कुमार ने अपनी समस्यायों



से कुमकुम देवी को अवगत कराया। जिप सदस्य ने तत्परता दिखाते हुए पदाधिकारी के समक्ष किसानों की समस्या रखते हुए सरकार की घोर लापरवाही की ओर ध्यान आकृष्ट कराया तो जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किसानों को एक सप्ताह के अंदर राशि भूगतान करने का आश्वासन दिया। वहीं किसानों की आवाज उठाने के लिए लोगों ने कुमकुम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मुखिया ने किया जलमीनार का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत में जलमीनार अधिष्ठापन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ने नारियल फोड़कर व फीता काट कर किया। मौके पर मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि मेरा सपना है कि सलैया पंचायत एक विकसित पंचायत बनें। इसके लिए मैं यहां विकास कार्यों को करने के लिए कृतसंकल्प हूं। सलैया पंचायत में केन्द्र सरकार के द्वारा जल नल योजना के तहत लगभग 60 जलमीनारों का निर्माण होना है जिसे संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य



शुरू कर दिया गया है। पुरे पंचायत में जर्जर सड़कों को बहुत जल्द कायाकल्प किया जाएगा इसके लिए हमने विभाग को लिखित जानकारी उपलब्ध कराई है। मौके पर वार्ड सदस्य चेतलाल रविदास, सौरभ कुमार, सरयू रविदास, भातु भुइंया, गणेश दास, मुकेश दास, विक्की दास, चेटलाल पंडित, आशीष कुमार, मुरारी प्रसाद, दिनेश्वर पंडित, भुनेश्वर पंडित रामजी प्रसाद, सहदेव दास, लालमोहन दास, प्रयाग महतो समेत सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### महिला-बाल व्यापार पर नुक्कड़ नाटक

**हजारीबाग।** स्वयंसेवी संस्था जन विकास केंद्र हजारीबाग के तत्वावधान में मानव तस्करी कार्यक्रम विषय वस्तु पर सदर प्रखंड के गांवों में जागरुकता कार्यक्रम के बाद कटकमदाग में नुक्कड़ नाटक किया गया. इस नुक्कड़ नाटक में ग्रामीणों को बाल विवाह, मानव तस्करी, बाल मजदूरी के नुकसान पर सहज तरीके से ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की गई. पटना से आए कलाकारों ने लोगों के बीच समाज को एक बेहतरीन संदेश दिया. मौके पर जन विकास केंद्र के कर्मी रोजर नाइट, सोहन हांसदा और राजाराम बेसरा ने लोगों को बताया कि किस तरह से ग्रामीणों को बहला फुसला कर उनका शोषण किया जाता है.

## बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम परबत्ता में ताला तोड़कर लाखो रुपये कि संपति की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत ग्राम परबत्ता निवासी सहाय प्रसाद, पिता स्व लखन सोनार ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि मैं पिछले 18 जुलाई को अपना इलाज कराने के लिए अपनी पत्नी के साथ रांची गया था। इसी बीच 24 जुलाई की शाम को मेरे पड़ोसी के द्वार फोन पर सूचना मिली की आपके घर का ताला टूटा हुआ है । जिसके पश्चात घर वापस लौट कर देखा की कमरे में लगे ताले की कड़ी को काटकर चोरी की गई है। बताया की कमरे में रखे गोदरेज अलमीरा को तोड़कर उसमें अंदर से सोने चांदी के जेवरात और ढाई लाख रुपए



नगदी की चोरी कर ली गई है। पीड़ित गृहस्वामी ने पुलिस से मामले की जांच पड़ताल करने की गुहार लगाई है। बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया की आवेदन के आधार पर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### विरोध

### तालाब की मापी कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी : सीओ

# तालाब अतिक्रमण : ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के तुईयो गांव के सैकड़ों ग्रामीण ने तालाब अतिक्रमण के विरोध में अंचल कार्यालय पहुंच कर विरोध किया। वहीं तुईयो पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव के नेतृत्व में गांव के महिला-पुरुष ने आवाज बुलंद किया। दशरथ यादव ने कहा कि तुईयो पंचायत के ग्राम बुचई में खाता नंबर 01 प्लाट नंबर 02 रकवा दो एकड़ एवं खाता संख्या 01 प्लाट नंबर 01,1917,453 रकवा 6 एकड़ कुल रकवा आठ एकड़ पर तालाब बना है। उक्त तालाब से दर्जनों गांवों के लोग अपने खेतों



में सिंचाई का काम करते आ रहे हैं। जिसका लघु सिंचाई प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा तालाब जीर्णोद्धार कार्य हेतु टेंडर जारी किया गया। संवेदक के द्वारा तालाब का पानी सुखाया गया जिसके बाद तुईयो के दर्जनों लोग तालाब के बीच में मेढ़ बना कर तालाब की जमीन को अपना बताने लगे। जिसे अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर बुचई गांव के लोग सीओ से मिलकर तालाब पर बने मेढ को हटवाने की मांग की ।विदित हो, मामले को लेकर पूर्व में हजारीबाग उपायुक्त, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई विभाग को भी आवेदन दिया जा चुका है। सीओ श्रीकांत लाल मांझी ने ग्रामीणों को बताया कि इसमें कुछ जमीन वन विभाग का है उस पर वन विभाग अपनी कार्रवाई करेंगे। बाकी जो जमीन हमलोगों के अधीन आता है उस पर मापी कर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## केबी महिला कॉलेज में इंटर में होगा नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की मैट्रिक पास छात्राओं के लिए अच्छी खबर है. यहां केबी महिला कॉलेज में इंटर में नामांकन के लिए प्राचार्या ने मंजूरी दे दी है. दरअसल राज्य सरकार की ओर से निर्देश जारी किया गया था कि झारखंड के अंगीभूत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई नहीं कराई जाएगी. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हर जिले में इस फैसले का पुरजोर तरीके से विरोध किया. उसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने फैसले को वापस लिया और यह घोषणा की कि राज्य के अंगीभूत कॉलेजों में पूर्व की भांति ही इंटर की पढ़ाई कराई जाएगी. इसी क्रम में हजारीबाग के केबी महिला कॉलेज में इंटर की पढ़ाई इस वर्ष बंद कर दी गई थी. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने 25 जुलाई को प्राचार्या से मिलकर ज्ञापन सौंपा और पढ़ाई पुनः शुरू करने का आग्रह किया. दो दिनों के अंदर नामांकन नहीं करने पर विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन की चेतावनी दी थी.

# कारगिल विजय दिवस पर बच्चों ने किया शहीदों को नमन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जूनियर कैंब्रिज स्कूल, सिमडेगा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को हिंदी में कारगिल युद्ध के इतिहास से परिचित कराया गया।इस खास अवसर पर एक कहानी के मध्यम से बच्चों को जानकारी दी गई की सही समय पर सही जगह में लिया गया निर्णय हमें हमेशा सफलता दिलाती है, जिसका कारगिल युद्ध एक प्रत्यक्ष प्रमाण है।स्कूल के प्राचार्य प्रभा केरकेट्टा ने कहा, ₹हमारे बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और उन्हें इस ताकतवर कारगिल विजय दिवस के महत्वपूर्ण पलों से अवगत कराना बहुत आवश्यक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने उन्हें अपने देश के सैन्य वीरों के साहस और बलिदान के प्रति जागरूक किया है।विद्यालय प्रबंधन हमेशा इस तरह के अवसर पर बच्चों के जीवन में देशभक्ति और सेवा के मूल्यों को समझाने के लिए इस तरह के संगठन का आयोजन करता है। इससे छात्रों के मन में राष्ट्रीय गर्व की भावना विकसित होती है और वे एक समर्पित और जिम्मेदार नागरिक के रूप में बढ़ते हैं।

## कोडरमा : स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल मे शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**झुमरी तिलैया।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, असनाबाद में गीता पाठ प्रतियोगिता सह कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। गीता पाठ के कार्यक्रम में विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। जिसमें बच्चों ने गीता तथा एकात्मता स्तोत्रम के श्लोकों का वाचन किया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चाहत सिन्हा,द्वितीय स्थान श्रुति कुमारी तथा स्थान तृतीय स्थान संजना कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम में भी दर्जनों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लियो सभी छात्र-छात्राओं ने हमारे देश के वीर सैनिकों को नमन करते हुये शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। निदेशक सूरज कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे देश के सैनिक हमारे रक्षक हैं।आज भारतीय सेना और उसके जाबांज जवानों की बहादुरी को नमन करने का दिन है। कार्यक्रम में विद्यालय के उपनिदेशक दीपक कुमार सहायक प्रधानाचार्य प्रीति कुमारी एवं सहायक शिक्षिका प्रियंका कुमारी,पूजा शर्मा और सोनिया कुमारी उपस्थित थी। वहीं कार्यक्रम में चाहत सिन्हा,श्रुति कुमारी,नैन्सी कुमारी,अंजनी कुमारी, प्रेरणा कुमारी,संजना कुमारी,ईशू कुमारी, वंशिका कुमारी,अंकित कुमार, पवन,राजवंश कुमार,विवेक कुमार और भी कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# झुमरी तिलैया: सेक्रेड हार्ट स्कूल में शपथ ग्रहण और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में बुधवार को कैबिनेट मेंबर्स के लिए शपथ ग्रहण समारोह और फादर्स डे पर आयोजित सेल्फी प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईएसआईसी ऑफिसर इंद्रजीत कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में सेक्रेड हार्ट स्कूल एसएमसी के अध्यक्ष एवं झुमरी तिलैया नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, एसएमसी सदस्य आरिफ अंसारी और फखरुद्दीन अली मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने बुके देकर इनका स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों के साथ विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, उप निदेशक विनोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत भाषण प्राचार्य नवीन कुमार ने दिया। उन्होंने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद कैबिनेट मेंबर्स में स्कूल हेड ब्वॉय, स्कूल हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन, कल्चरल प्रेसिडेंट, साइंस क्लब प्रेसिडेंट, आईटी क्लब प्रेसिडेंट, कम्युनिटी आउटरीच क्लब प्रेसिडेंट, परफॉर्मिंग आर्ट क्लब प्रेसिडेंट, स्कूल मैगजीन प्रेसिडेंट, ईसीओ क्लब प्रेसिडेंट और प्रीफेक्ट को शेशे पहनाकर उन्हें उनकी जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके बाद प्राचार्य नवीन कुमार ने सभी केबिनेट मेंबर्स को शपथ दिलाई। कैबिनेट के सभी सदस्यों ने अपने दायित्व को निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। इसके बाद फादर्स डे पर आयोजित सेल्फी प्रतियोगिता के प्रथम 10 विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।



# ग्रिजली स्कूल : छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा ।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के कक्षा द्वितीय के छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। खेल खेल में सीखने के अनुभव को बढ़ावा देने और छात्रों को प्रकृति से जोड़ने के प्रयास में छात्रों को कोडरमा के महर्षि कर्दम ऋषि पार्क में एक आनंददायक शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। पार्क में आगमन पर, छात्रों का पार्क के देखभालकताओं द्वारा स्वागत किया गया, जिन्होंने उन्हें पार्क के इतिहास और महत्व के बारे में जानकारी दी। श्रद्धेय ऋषि महर्षि कर्दम ऋषि के नाम पर रखा गया यह पार्क इस क्षेत्र में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। इसके अतिरिक्त, पार्क की समृद्ध पक्षी आबादी ने छात्रों को आकर्षित किया, रंग-बिरंगे पक्षियों ने एक मनमोहक वातावरण बनाया। छात्रों के साथ शामिल हुए शिक्षकों ने इस अवसर पर बच्चों को वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित किया। शैक्षिक यात्रा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण पर इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लिया। वे मनोरंजक गतिविधियों और खेलों में शामिल हुए, जो पर्यावरण की रक्षा और टिकाऊ जीवन के महत्व के बारे में मूल्यवान सबक प्रदान करते है। महर्षि कर्दम ऋषि पार्क की यात्रा ने छात्रों के मानस पटल पर एक अमिट छाप छोड़ी, जो सुखद यादों और प्रकृति के चमत्कारों के लिए प्रशंसा की एक नई भावना के साथ लौटे। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए पार्क अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# झुमरी तिलैया में महामंडल आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया मंडल के द्वारा माहुरी भवन में मंगलवार देर शाम को माहुरी समाज द्वारा आयोजित महामंडल आपके द्वार का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में माहुरी वैश्य महामंडल के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि में उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के संयोजक रवि कपिस्वे, सहसंयोजक व संयुक्त महामंत्री शिव कुमार गुप्ता, महामंत्री उमा शंकर चरण पहाड़ी, संगठन मंत्री प्रदीप कुमार, जनसंपर्क पदाधिकारी अनुज सेठ, उप धर्म संचार मंत्री मनीष आकाश, केंद्रीय नवयुवक समिति के उपाध्यक्ष रितेश लोहानी एवं महिला समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनीता सेठ,परसाबाद मंडल के अध्यक्ष सतीश कुमार,तिलैया मंडल अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव संजय तर्वे, उपस्थित हुए, उक्त कार्यक्रम का अध्यक्षता रवि कप्सिमे ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ मथुरासिनी की वंदना के साथ प्रारम्भ की गई साथ ही आये हुए पदाधिकारियों का स्वागत माला पहना कर किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने महामंडल आपके द्वार पर खुलकर अपनी बातें रखी है उन्होंने तिलैया महिला समिति, बालिका समिति और नवयुवक समिति को समाज के उत्थान के लिए आगे आने को कहा। महामंडल के उपाध्यक्ष रवि कप्सिमे ने लोगो को हर क्षेत्रो में आगे आने के लिये प्रेरित किया। वहीं संयुक्त मंत्री व सहसंयोजक शिव कुमार गुप्ता ने महामंडल के निर्देश के अनुसार सभी बिंदु पर खुलकर बातें रखी, उन्होंने नवयुवकों को आगे आने का आह्वान किया।

# डीसी के रूप में अजय कुमार सिंह ने संभाला सिमडेगा का पदभार



**सिमडेगा।** जिले के नए उपायुक्त के रूप में अजय कुमार सिंह ने जिले के 24 वां उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किये। नव पदास्थापित उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने कहां की सिमडेगा जिले के विकास कार्यो में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर उतारा जायेगा साथ ही उन्होंने कहा कि जो राज्य सरकार की प्राथमिकता है वह हमारी प्राथमिकता होगी। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना भी हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह जिले की बेहतरी एवं आम जनों के कल्याण के लिए सदैव दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। जिले वासियों को संदेश देते हुए कहा कि जिले के लिए जो भी सकारात्मक कार्ये है ओ समय से पूरा किया जाएगा।

# 24वां वीर शहीद थोमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अलबर्ट एक्का स्टेडियम में मंगलवार को 24वां वीर शहीद थोमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन हुआ। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य रुप से उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा, डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, सीओ प्रताप मिंज, जिप सदस्य जोसिमा खाखा आदि ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जिले के लिए गौरव की बात है कि जिले में लगातार 24 वीं बार वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट अन्तरराज्यीय स्तर पर हो रहा है। टूनामेंट के माध्यम से जिला अन्य राज्य के खिलड़ियों को भी जिले से जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खेल को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम कर रही है। फुटबॉल खेल के विकास के लिए कई कदम उठाए जा रहे है। टूर्नामेंट को सफल बनाने में समिति के आयोजक राजेश कुमार सिंह, अमित डुंगडुंग आदि सदस्?यों की सक्रिय भूमिका रही। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच जय बजरंग क्लब संबलपूर बनाम नाइन बुलेट कवाली नामकूम के बीच खेला गया। जिसमें नाईन बुलेट कवाली नामकूम की टीम ने 5-1 से शानदार जीत हासिल कर अगले चक्र में प्रवेश पाया। समिति के आयोजक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को रंजन क्लब बिरमित्रापूर बनाम मिंज ब्रदर्स एफसी बेड़ो के बीच मैच खेला जाएगा। मौके पर मंच संचालन श्याम सुंदर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी जय गोविदं गुप्ता, पूर्व नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, जिप सदस्य शांतिबाला केरकेटटा, सामरोल पोल टोपनो, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, सोहन बड़ाईक, संतोष सिंह, शिशिर मिंज, डेविड तिर्की सहित काफी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।



# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अभिभावकों की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय बोलबा में नामांकित छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी ने कहा जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुरजन बड़ाईक ने की।मुखिया ने अभिभावकों को अपने बच्चों एवं शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही,बिना कारण बच्चों को घर नही ले जाने का आग्रह किया।साथ ही बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी ने नामांकित सभी छात्रों को शतप्रतिशत उपस्थिति कराने अव अनुपस्थिति छात्रों की सूची बनाकर उनके अभिभावकों के साथ बैठक कर ,उनके घर जाकर उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बातकही।वार्डेन कमला बड़ाईक ने अनुसाशन में रहकर मन लगाकर पढ़ाई करने का निर्देश दिया ।

# विधायक ने धर्मबहनों के आवास पहुंच संत अन्ना पर्व की दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** संत अन्ना पर्व के मौके पर विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ संत अन्ना की धर्मबहनों के आवास पहुंच सभी कर पर्व की बधाई दी। इस दौरान विधायक ने सभी संत अन्ना की सभी धर्मबहनों को बुके देकर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सबके पहले विधायक कुरडेग के खालीजोर पहुंचे। इसके बाद केरसई प्रखंड टैंसेर मिशन पहुंच धर्मबहनों को बधाई दी। इसके बाद सिमडेगा के बनाबिरा, पाकरटांड़ के खंजालोया, सिमडेगा के संत अन्ना होस्टल सहित अन्य कई स्थानों में भी जाकर संत अन्ना की धर्मबहनों को संत अन्ना पर्व की बधाई दी। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हम भाग्यशाली है कि हमें संत अन्ना जैसे महान संत का संरक्षण प्राप्त है। संत अन्ना एवं ज्वाकिम 20 वर्षों तक दर्द भरी जिंदगी में लोगों के ताने सहते हुए अपना जीवन व्यतित किया। उसी प्रकार हमें भी ईश्वर से निरंतर प्रार्थना करते रहना चाहिए। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, उर्मिला केरकेट्टा, अगाथा तिर्की,टेलेशफोर, विनोद किंडो, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया मूंश खेस आदि ने बधाई दी।



**संकल्प** पर्यावरण संतुलन महज विचार नहीं समग्र आधार भी है : शालिनी

# रोटरी क्लब ने 200 लोगों के बीच बांटे पौधे

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के तत्वाधान में बुधवार को विश्रामबाग रोड स्थित डीपीएस स्कुल में 200 ग्रामीणों के बीच 800 फलदार पौधे का वितरण किया गया। इसमें झुमरी तिलैया शहर के विभिन्न वाडों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के झलपो मोरियावॉ घंघरी बेकोबार कन्द्रपडीह बेलागढ के ग्रामीण भी उपस्थित हुए। वहीं विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने पौधारोपण और वितरण समारोह में कहा कि पर्यावरण संतुलन महज विचार नहीं समग्र आधार भी हैं। पेड़ पौधा के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब जिस तरह समाज सेवा के क्षेत्र मे कार्य कर रही हैं प्रेरणा का स्त्रोत हैं। क्लब के द्वारा पर्यावरण, रक्तदान, शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र कार्य किये जा रहें हैं वो अद्वितीय हैं। क्लब के अध्यक्ष विकास सेठ ने कहा कि जीवन के लिए पेड़ पोधे उतने ही जरुरी हैं जितना हवा पानी।चारो ओर हरियाली हो इसके लिए पेड़ पौधे लगाए जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि आज शहर का विस्तार हो या बस्ती का बसने का कार्य हो पेड़ पौधे काटे जा रहें हैं।जिसकी कीमत इंसान चूका भी रहा हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्म दिन शादी की सालगिरह और नेक कार्य पर पाँच-पाँच पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। सचिव नवीन जैन सर्विस प्रोजेक्ट के निर्देशक संदीप सिन्हा परियोजना निर्देशक सुनीता पांडेय ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अनमोल रत्न हैं। जिसकी रक्षा सबकी दायित्व हैं।पेड लगाने से जीवन का उद्धेश्य होना चाहिए पौधे लगाने से प्राकृतिक भी हरी भरी होगी और शुद्ध हवा मिलेगी। क्लब का मुख्य उद्धेश्य आओ चले हम पेड़ लगाएं धरती पर हरियाली लाये के तहत लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन रितु सेठ ने किया इस अवसर पर पूर्व सचिव अमित कुमार क्लब के सदस्य नवीन पांडेय नवीन आर्या, समाजसेवी संजय अग्रवाल, आरती आर्या, चंचला सिन्हा, कविता दारूका सुजाता पांडेय के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका छात्र मौजूद थे।



# विधायक ने हाथी के हमले से मृत महिला के परिजनों को दिया चार लाख का मुआवजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा कुरडेग प्रखंड के दरीडीह गांव में हाथी के हमले से मृत उपोवासी देवी के परिजनों के बीच 4 लाख रुपये मुआवजा राशि चेक के माध्यम से दिया। मौके पर विधायक ने सरकार से प्राप्त राशि का सही उपयोग करने की अपील की। उन्होंने परिजनों को आगे भी हर सम्भव मदद करने का भरोसा जताया। विधायक ने कहा कि पैसों से किसी की जान तो खरीदी नहीं जा सकती है। पर यह राशि परिजनों के दुःखों को कम करने के लिए सरकार की ओर से प्राप्त थोड़ा सा सहयोग है। इस राशि का सही उपयोग कर परिवार के बाकी सदस्य खुशहाली के साथ जीवन गुजारें। विधायक ने कहा कि हाथी के हमले से बचने के लिए कई उपाय किये जा रहे हैं। पर इसका स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों के पास अगर हाथी से बचाव के स्थायी समाधान के लिए कोई आइडिया है तो हमें बताएं। ताकि सरकार के माध्यम उसे अमल कर जिलेवासियों को हाथी के आतंक से बचाया जा सके।



# रिलायंस में एक प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा कतर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कतर का सॉवरेन संपदा कोष मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई में करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रहा है। उद्योग सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कतर निवेश प्राधिकरण (क्यूआईए) द्वारा रिलायंस रिटेल वेंचर्स लि. (आरआरवीएल) में एक प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण एक अरब डॉलर या 8,199 करोड़ रुपए में किया जाएगा। इस लिहाज से आरआरवीएल का मूल्यांकन करीब 100 अरब डॉलर बैठेगा। आरआरवीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज के खुदरा साम्राज्य की होल्डिंग कंपनी है। इस कदम से आरआरवीएल को अपने विस्तार को और तेज करने में मदद मिलेगी। इस बारे में संपर्क करने पर रिलायंस रिटेल के प्रवक्ता ने कहा,




ह्यह्यकंपनी निरंतर आधार पर विभिन्न अवसरों का मूल्यांकन करती है। हमारा सिद्धान्त है कि हम बाजार में चल रही अटकलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं।" इससे पहले इसी महीने मीडिया की खबरों में कहा गया था कि कंपनी द्वारा नियुक्त दो वैश्विक सलाहकारों ने आरआरवीएल का मूल्यांकन 92-96 अरब डॉलर के बीच निकाला है। आरआरवीएल कंपनियों का अधिग्रहण कर भारत में अपने कारोबार का तेजी से विस्तार कर रही है। इसके अलावा वह भारतीय बाजार के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के फ्रेंचाइजी अधिकार भी हासिल कर रही है। इस महीने की शुरूआत में रिलायंस रिटेल ने कहा था कि वह अपने प्रवर्तक और होल्डिंग कंपनी के अलावा अन्य शेयरधारकों के पास मौजूद इक्विटी शेयर पूंजी को कम कर रही है। कंपनी के निदेशक मंडल ने चार जुलाई, 2023 को पूंजी घटाने की योजना के तहत ऐसे शेयरधारकों की पूंजी को रद्द करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। आरआरवीएल ने 2020 में 10.09 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर वैश्विक निजी इक्विटी कोषों से 47,265 करोड़ रुपए (लगभग 6.4 अरब डॉलर) जुटाए थे। उस समय कंपनी का मूल्यांकन 4.2 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया था। कंपनी ने उस समय लगभग 57 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर सिल्वर लेक, केकेआर, मुबाडला, अबू धाबी निवेश प्राधिकरण, जीआईसी, टीपीजी, जनरल अटलांटिक और सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष से धन जुटाया था।

## महिंद्रा समूह ने आरबीएल बैंक में खरीदा 4% हिस्सा

**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह ने आरबीएल बैंक में 4 फीसदी हिस्सा खरीद लिया है। महिंद्रा समूह ने आरबीएल के जरिए जो हिस्सा खरीदा है वो ओपन मार्केट ट्रेडर्स के जरिए लिया है। मामले की जानकारी रखने वाले दोसूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इस सौदे के जरिए महिंद्रा समूह ने फाइनेंशियल सेक्टर में एक और कदम बढ़ा दिया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक जब इस मामले पर महिंद्रा ग्रुप के साथ जानकारी लेने की कोशिश की गई तो इसके प्रवक्ता ने कहा कि नो कमेंट... वहीं आरबीएल बैंक ने मामले पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि महिंद्रा ग्रुप की नजर आरबीएल बैंक में हिस्सा बढ़ाने की है और इसे बढ़ाकर 15-25 फीसदी तक ले जाने पर है।

# पीएनबी ने पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 1,255 करोड़ रुपए कमाए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की पहली तिमाही में चार गुना होकर 1,255 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। डूबे कर्ज में कमी तथा ब्याज आय बढ़ने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 308 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में पीएनबी ने कहा कि पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 28,579 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 21,294 करोड़ रुपए थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 25,145 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में




18,757 करोड़ रुपए थी। जून, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर कुल ऋण पर 7.73 प्रतिशत रह गईं। जून, 2022 के अंत तक यह 11.2 प्रतिशत पर थीं। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए भी 4.26 प्रतिशत से घटकर 1.98 प्रतिशत रह गया। एनपीए के मोर्चे पर सुधार से बैंक का डूबे कर्ज के लिए प्रावधान भी अप्रैल-जून की तिमाही में घटकर 4,374 करोड़ रुपए रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 4,814 करोड़ रुपए था। एकीकृत आधार पर तिमाही के दौरान बैंक का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,342 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 282 करोड़ रुपए रहा था। बैंक के एकीकृत नतीजों में पांच अनुषंगियों और 15 सहायक इकाइयों के परिणाम भी शामिल हैं।

## अमीरों की टॉप-20 में फिर पहुंचे अडानी

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने मंगलवार को कमाई के मामले में दुनिया के सभी अरबपतियों को पीछे छोड़ दिया। अडानी ग्रुप की सभी लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में तेजी आई। इसकी बदौलत ग्रुप का मार्केट कैप भी 50,000 करोड़ रुपए से अधिक बढ़ गया। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मंगलवार को अडानी की नेटवर्थ में 3.03 अरब डॉलर यानी 2,48,25,69,90,000 रुपए का इजाफा हुआ। इस तरह वह मंगलवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे। इसके साथ ही वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीन स्थान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए। जानकारों का कहना है कि हिंडनबर्ग रिसर्च का मुद्दा अब पीछे छूट गया है और घरेलू निवेशक अडानी ग्रुप के शेयरों में दिलचस्पी लेने लगे हैं।

# असम का नामरूप उर्वरक संयंत्र नहीं होगा बंद : मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

असम के नामरूप शहर में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) का प्लांट बंद होने की खबरों के बीच केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि यह खबर सच नहीं है। उन्होंने कहा कि संयंत्र को संशोधित करने की योजना है और वहां एक नैनो यूरिया सुविधा भी स्थापित की जाएगी। मंडाविया ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल और असम के मुख्यमंत्री



हिमंत बिस्वा सरमा के साथ बैठक की। उन्होंने कहा, हमने एक विस्तृत बैठक की। संयंत्र बंद नहीं हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ₹इस क्षेत्र के निवासियों को काम के अवसर प्रदान करने के लिए इसका आधुनिकीकरण किया जाएगा और वहां एक नैनो यूरिया संयंत्र बनाया जाएगा। उत्पादित यूरिया और नैनो यूरिया से असम, शेष पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल के किसानों को लाभ होगा, जिससे उनकी फसलों की पैदावार बढ़ेगी। मंडाविया की घोषणा उन हालिया रिपोर्टों के बाद आई है जिनमें दावा किया गया है कि निकट भविष्य में उर्वरक संयंत्र बंद हो जाएगा। इससे पहले, असम के कलियाबोर से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने नामरूप उर्वरक संयंत्र की वर्तमान स्थिति के बारे में केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री भगवंत खुबा से बात की। खुबा ने जवाब दिया कि नीति आयोग की अध्यक्षता में अधिकारियों के समूह की बैठक में उर्वरक कारखाने को बंद करने की सिफारिश की गई थी। वहीं, फैक्ट्री के कर्मचारियों और श्रमिकों ने केंद्र और राज्य प्रशासन की आलोचना की है और विरोध दर्ज कराने की धमकी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि आखिर हम श्रमिक कहां जायेंगे। हमलोगों के लिए परेशानियों का सामना हो जायेगा।


## बीपीसीएल ने पहली तिमाही में कमाया 10,664 करोड़ रुपए का मुनाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 10,664 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जबकि पिछले साल की समान तिमाही में उसे 6,147.94 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। बीपीसीएल ने बुधवार को शेयर बाजारों को यह सूचना दी। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा बिक्री कीमतों में कोई कटौती न होने से उसे अपना मार्जिन सुधारने में मदद मिली है। गत वर्ष यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में उछाल आने के बाद से ही घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

# भारत को रूस से महंगे दाम पर खरीदना पड़ेगा कच्चा तेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक बाजार में कीमतें तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने के बीच रूस कच्चे तेल के निर्यात पर छूट में कटौती पर विचार कर रहा है। मास्को के इस कदम से भारत को रूस से महंगे दाम पर कच्चा तेल खरीदना पड़ सकता है। इससे घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतें और बढ़ सकती हैं। रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने मंगलवार को कहा, मास्को पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बाद वित्त मंत्रालय कच्चे तेल के निर्यात पर करों की गणना में सुधार के लिए और उपायों पर विचार कर रहा है। इसी कड़ी में हमने कच्चे तेल (ब्रेंट क्रूड) के निर्यात पर मौजूदा छूट को 25 डॉलर से घटाकर 20 डॉलर प्रति बैरल करने की योजना बनाई है।



दरअसल, यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कच्चे तेल के निर्यात पर 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा तय करने के साथ कई प्रतिबंध लगा दिए। इसने रूस को कच्चे तेल की बिक्री पर कर लगाने के तरीकों में बदलाव को मजबूर किया। रूसी वित्त मंत्री ने कहा कि ब्रेंट क्रूड की करीब 80 डॉलर प्रति बैरल की मौजूदा कीमत पर वित्त मंत्रालय 2023 में तेल और गैस बेचकर 8 लाख करोड़ रूबल (88.5 अरब डॉलर) जुटा सकेगा

## विदेश

# भारत से प्रतिदिन दस लाख अंडों का आयात करेगा श्रीलंका

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका अंडों की कमी को दूर करने के लिए भारत के तमिलनाडु में पांच चयनित चिकन फार्मों से प्रति दिन दस लाख अंडे आयात करेगा, जिन्हें मुख्य रूप से पश्चिमी प्रांत में 'लंका सथोसा' नामक राज्य-संचालित खुदरा श्रृंखला के माध्यम से बेचा जाएगा। राज्य इंजीनियरिंग निगम के अध्यक्ष असिरी वलीसुंदरा ने डेली मिरर को बताया कि पशु उत्पादन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने गुणवत्ता परीक्षण के लिए इन फार्मों का दौरा किया और उन्हें प्रमाणित किया। उन्होंने कहा कि ऑर्डर पिछले सप्ताह दिए गए थे। उन्होंने कहा ह्वहमें इस सप्ताह शिपमेंट मिलना शुरू हो जाएगा। हमारी योजना प्रतिदिन दस लाख अंडे प्राप्त करने की है"। उन्होंने कहा कि पहले आयातित अंडे उद्योगों के उपयोग के लिए जारी किए जाते थे। अब, हमने उन्हें



बड़े पैमाने पर बाजार में जारी करने का निर्णय लिया है। प्रत्येक स्टॉक के नमूना परीक्षण के बाद पशु स्वास्थ्य अधिकारियों से मंजूरी मिलने में कुछ दिन लगते हैं ह्व। अंडे 35 रुपए प्रति किलो बिकने की उम्मीद है। वर्तमान में कीमत 60 रुपए प्रति तक बनी हुई है। इसके अलावा, अंडे व्यापक रूप से उपलब्ध नहीं हैं। स्थानीय स्तर पर चिकन फीड की कमी और प्रतिबंधों और उच्च लागत के कारण आयात करने में असमर्थता के कारण श्रीलंकाई पोल्ट्री उद्योग को झटका लगा। हाल के समय तक श्रीलंका मुर्गीपालन उत्पादन में आत्मनिर्भर बना हुआ था।

# भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट्स ने रामास्वामी का किया समर्थन

**एजेंसी। वाशिंगटन**

दो प्रमुख भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी विवेक रामास्वामी के समर्थन में सामने आए हैं, जो रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन की मांग कर रहे हैं। टेलीविजन पर नियमित रूप से आने वाले एक ईसाई धर्म प्रचारक ने हाल ही में एक उपदेश में हिंदू धर्म पर उनके विश्वास पर निशाना साधते हुए नागरिकों से उन्हें वोट न देने की अपील की थी। नेब्रास्का में गैर-सांप्रदायिक लॉर्ड ऑफ होस्ट्स चर्च के वरिष्ठ पादरी हैंक कुनेमैन ने कहा कि रामास्वामी हिंदू हैं और इसलिए जो कोई भी उनका समर्थन करेगा, उसका गॉड के साथ झगड़ा होगा। कुन्नमैन की अपमानजनक टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति और रो खन्ना ने कहा कि वे रामास्वामी से ज्यादा सहमत



नहीं हैं, लेकिन 37 वर्षीय कांग्रेसी के खिलाफ कट्टर टिप्पणियों की निंदा की। कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को ट्वीट किया, मैं विवेकरामस्वामी से बहुत अधिक सहमत नहीं हूं, लेकिन एक बात निश्चित है, अमेरिका में सभी राजनीतिक दलों को हिंदुओं सहित सभी धर्मों के व्यक्तियों का स्वागत करना चाहिए। मैं रामास्वामी के प्रति की गई कट्टर टिप्पणियों की निंदा करता हूं, और मुझे उम्मीद है कि रिपब्लिकन सांसद और अन्य भी ऐसा ही करेंगे। खन्ना ने अपने ट्वीट में कहा, विवेक रामास्वामी के साथ मेरी गहरी असहमति रही है। लेकिन यह उनके विश्वास पर एक घृणित और अमेरिकी विरोधी हमला है। यह कई धर्मों का देश है, और यह तथ्य कि इतने सारे ईसाई अमेरिकी रिपब्लिकन विवेक का समर्थन करने को तैयार हैं, उस आदर्श को दर्शाता है। राइट विंग वॉच द्वारा ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो के अनुसार, कुनेमन ने कहा कि एक देश के रूप में अमेरिका खतरे में है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक माने जाने वाले, कुन्नमैन खुद को पैगंबर कहते हैं।

**आपदा** — सुपर ऑयल टैंकर सेफर पर मंडरा रहा खतरा

# कच्चे तेल को स्थानांतरित करने का काम शुरू

**एजेंसी। अदन**

संयुक्त राष्ट्र की आपातकालीन टीम ने संभावित पर्यावरणीय तबाही को रोकने के लिए एक तत्काल मिशन के हिस्से के रूप में यमन के पश्चिमी तट पर खस्ताहाल सुपर ऑयल टैंकर एफएसओ सेफर से कच्चे तेल को स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, सेफर वर्तमान में होदेइदाह प्रांत के तट से लगभग 4.8 समुद्री मील (8,890 मीटर) दूर पर है। बता दें कि सेफर का निर्माण मूल रूप से 1976 में एक सुपरटैंकर के रूप में किया गया था और बाद में इसे तेल के लिए फ्लोटिंग स्टोरेज और ऑफलोडिंग फैसिलिटी (एफएसओ) में बदल दिया गया। एफएसओ सेफर टूटने की कगार पर है, जिससे संभावित तेल रिसाव के बारे में चिंता बढ़ गई है जो फ्रागिले मरीन इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है। मंगलवार को, खस्ताहाल जहाज से दूसरे जहाज में 1 मिलियन बैरल से



अधिक कच्चे तेल को पोत यमन में सावधानीपूर्वक पंप किया गया। मंगलवार रात जारी संयुक्त राष्ट्र के एक बयान के अनुसार, यह जटिल प्रक्रिया 19 दिनों तक चलने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि विश्व संस्था ने इस ऑपरेशन को अंजाम देने की जिम्मेदारी उठायी है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय और मानवीय तबाही से बचने के लिए तेल हस्तांतरण महत्वपूर्ण है, जो अलास्का में 1989 एक्सॉन वाल्डेज आपदा से चार गुना बदतर हो सकता है, जिसमें हजारों समुद्री जीव मारे गए थे। वर्तमान प्रयासों के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि शेष तेल अवशेषों और संरचनात्मक गिरावट की संभावना के कारण जहाज पर्यावरण का जोखिम बढ़ाता है। 1,181 फीट लंबे जहाज में 34 भंडारण टैंक हैं। नागरिक संघर्ष के कारण वर्षों की उपेक्षा के बाद, टैंकर का स्ट्रक्चर इंटीग्रिटी काफी कमजोर है, जिससे इसके टूटने या यहां तक ??कि विस्फोट होने का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र की पिछली रिपोर्टों के अनुसार, समुद्री पानी इंजन के डिब्बे में घुस गया है, जिससे पाइपों को व्यापक नुकसान हुआ है और डूबने का खतरा बढ़ गया है। यमन 2014 से विनाशकारी गृहयुद्ध में उलझा हुआ है, जिसमें ईरान समर्थित हौथी विद्रोही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार और उसके सहयोगियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। युद्ध ने यमन की खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया और व्यापक अकाल का कारण बना, जिससे अरब दुनिया का सबसे गरीब देश पतन के कगार पर पहुंच गया।

## ऑस्ट्रेलिया में चीन के खिलाफ 11 देशों का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू हो गया है। इस युद्धाभ्यास में अमेरिका समेत 11 देशों के 30 हजार से ज्यादा सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। भारत समेत चार देश इस युद्धाभ्यास के ऑब्जर्वर हैं। इस युद्धाभ्यास को चीन की चुनौती से निपटने के तौर पर देखा जा रहा है। चीन लगातार हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को बढ़ा रहा है, यही वजह है कि इस युद्धाभ्यास को बेहद अहम माना जा रहा है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और 11 साझेदार देशों के बीच 21 जुलाई को शुरू हुए बड़े युद्धाभ्यास टैलिसमैन सेबर के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास माना जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया लेकिन फिर भी चीन ने अभ्यास में केंद्रीय भूमिका निभाई। यहां होने वाली यह गतिविधि सबसे समृद्ध, सबसे तल्लीन करने वाला और सबसे यथार्थवादी, बिना परिणाम वाला प्रशिक्षण वातावरण है जिसे हम संभवतः बना सकते हैं।

## पेज एक के शेष

### झारखंड पुलिस की ...

रांची जिले के भीतर ट्रांसपोर्टिंग शुल्क नौ सौ रुपए तय किया गया है, जबकि रांची जिले के बाहर की बुकिंग पर प्रति किलोमीटर 16 रुपए के हिसाब से ट्रांसपोर्टिंग चार्ज लिया जाएगा। इश्तेहार में साफ किया गया है कि बैंड की बुकिंग रात 10 बजे के बाद के लिए नहीं होगी। बुकिंग के लिए कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर-06512270005 और या फिर जैप की मेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है।

### ईडी के समन पर...

विष्णु अग्रवाल को ईडी ने 17 जुलाई को भी बुलाया था। लेकिन तब उन्होंने खुद के बीमार होने की बात कह एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने में खुद को अक्षम बताया था। बीमारी की वजह बताते हुए विष्णु अग्रवाल ने तीन सप्ताह का वक्त ईडी से मांगा था। ईडी ने तब तीन सप्ताह का वक्त नहीं देते हुए विष्णु अग्रवाल को 26 जुलाई की उपस्थिति का समन भेजा था। लेकिन विष्णु अग्रवाल ने यज्ञ की बात कह बुधवार को भी एजेंसी से दूरी बनाए रखी। ईडी अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

### तीन नवप्रोन्नत...

दुमका एसपी और डॉ विमल कुमार को सरायकेला-खरसांव एसपी बनाया गया है।

**सात आईपीएस अधिकारी वेटिंग फार पोस्टिंग हुए :** साहिबगंज के निवर्तमान एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, बोकारो एसपी रहे चंदन कुमार झा, देवघर एसपी सुभाष चंद जाट, पलामू एसपी दीपक कुमार सिन्हा, गिरिडीह एसपी अमित रेणू, दुमका एसपी अंबर लकड़ा और सरायकेला- खरसांवा एसपी आनंद प्रकाश वेटिंग फोर पोस्टिंग हो गए हैं। इन सातों आईपीएस अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय में योगदान देना है।

### मिशन 2024 का...

के प्रयास में है। लेकिन यह सब करते हुए भी सभी दलों की नजर न्यायालय में चल रहे बड़े मामलों पर है। और ये मामले ऐसे हैं जो चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की रणनीति पर बहुत बड़ा असर डाल सकते हैं।

**प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में बदलाव की मांग :** वाराणसी के ज्ञानवापी मंदिर, मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अलावा ताजमहल समेत कई धार्मिक और संरक्षित स्थलों को लेकर विवाद जारी है। प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के खिलाफ बीजेपी नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की है। स्वामी ने कहा है कि उन्होंने पूरे एक्ट को चुनौती नहीं दी है, बल्कि केवल दो मंदिरों को इसके दायरे से बाहर रखने की मांग की है। स्वामी ने अपनी याचिका पर अलग से सुनवाई अपील की है, जिस पर कोर्ट जल्द ही इस पर फैसला ले सकता है। ताजा मामला ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर है। एक तरह यहां जिला अदालत के फैसले के बाद एएसआई का सर्वे शुरू हो चुका है। फिलहाल इस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत रोक लगी हुई है। हिंदू पक्ष की मांग है कि उन्हें परिसर के भीतर श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा करने की अनुमति दी जाए। मुस्लिम पक्षों का कहना है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट के तहत इन मामलों की सुनवाई कोर्ट में नहीं हो सकती है। इसी विवाद को लेकर अगस्त 2021 में हिन्दू पक्ष वाराणसी कोर्ट पहुंच था और ज्ञानवापी परिसर के अंदर पूजा अर्चना करने की अनुमति मांगी थी। इस फैसले का असर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में हो सकता है। बता दें कि बीजेपी ने अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद नारा दिया है कि अयोध्या तो झांकी है काशी-मथुरा बाकी है। उत्तर प्रदेश में कुल 80 लोकसभा सीट है और राजनीतिक विशेषज्ञ का मानना है कि दिल्ली का रास्ता यूपी होकर ही जाता है। बीजेपी ज्ञानवापी मुद्दे को सियासी रूप से भुनाना चाहती है। बीजेपी इस मुद्दे को हिन्दू आस्था और हिन्दू एकता से जोड़कर चुनाव में उतर सकती है।

**आर्टिकल 370 पर सुनवाई जारी :** केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को संसद में जम्मू-कश्मीर से जुड़े अनुच्छेद-370 को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा छिन गया। विशेष राज्य के तहत रक्षा, विदेश, वित्त और संचार मामलों को छोड़कर भारत के किसी भी कानून को लागू करने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार बाध्य नहीं होती थी। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 निरस्त करने के अध्यादेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में 20 याचिकाएं दाखिल की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच इस मामले की सुनवाई 2 अगस्त से शुरू करेगी। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर कहा है कि आतंकवाद पर कंट्रोल के लिए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म किया गया। केंद्र ने कहा कि आर्टिकल-370 हटने के बाद आतंकी नेटवर्क पूरी तरह से तबाह हो गया है। कश्मीर में पत्थरबाजी की घटना अब अतीत का हिस्सा है। आर्टिकल-370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला 2024 की सियासत बदल सकता है। बीजेपी इस मुद्दा को आगामी लोकसभा चुनाव में भुनाने की कोशिश करेगी। जनसंघ के समय से ही पार्टी मैनिफेस्टो में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने का मुद्दा शामिल रहा है। वहीं विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार का विरोध कर रही है। विपक्ष का कहना है कि आर्टिकल-370 को जिस तरह से हटाया गया है वह प्रक्रिया गलत है।

**जातीय जनगणना मामला :** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना का आदेश दिया था। इसका सर्वे भी शुरू हुआ था लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी। उच्च न्यायालय में इस मुद्दे पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। जल्द ही इस मामले में न्यायालय अपना फैसला सुना सकता है। यह फैसला भले की किसी पक्ष में आए लेकिन यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में जाना तय माना जा रहा है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद यह मुद्दा उत्तर भारत की राजनीति में उबाल ला सकता है। विपक्षी गठबंधन इस मुद्दे पर सरकार को घेरना चाहता है। केंद्र सरकार ने जुलाई 2022 में संसद में कहा था कि वह जातीय जनगणना नहीं कराएगी। जातीय जनगणना का मुद्दा अन्य पिछड़ा जातियों पर सीधे तौर से प्रभाव डालता है। सीएसडीएस के मुताबिक 2014 में ओबीसी समुदाय का 34 प्रतिशत और 2019 में 44 प्रतिशत वोट बीजेपी को मिला था। हिंदी हार्टलैंड में ओबीसी समुदाय का दबदबा है और जिस भी गठबंधन को ओबीसी समुदाय का समर्थन मिलेगा उस पार्टी का लोकसभा चुनाव जीतना तय माना जाएगा। राजनीतिक पार्टियों का कहना है कि जातीय जनगणना से वेलफेयर स्कीम को लागू करने में आसानी होगी। वहीं जानकारों का मानना है कि इससे आरक्षण का स्ट्रक्चर प्रभावित हो सकता है। जातीय जनगणना के बाद ओबीसी जाति आरक्षण में अपनी दावेदारी बढ़ाने की मांग कर सकती हैं।

